आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 07.10.2025**

**मुख्य समाचारः—**

1— केंद्रीय आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने चौबीस हजार छह सौ चौंतीस करोड़ रुपये की चार रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी—इनमें छत्तीसगढ़ की गोंदिया—डोंगरगढ़ चौथी रेललाइन भी शामिल।

2— राज्यपाल रमेन डेका ने आज बैकुंठपुर के शासकीय स्कूल में सरगुजा संभाग के पहले स्पेस एजुकेशन लैब का लोकार्पण किया।

3— बस्तर संभाग के सभी सात जिलों में कल से शुरू होगा 'बस्तर राइजिंग' अभियान।

**और**

4— मावली माता की डोली और मां दंतेश्वरी के छत्र की विदाई के साथ ही आज हुआ विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे का समापन।

...............

**कैबिनेट निर्णय**

केंद्रीय आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने चौबीस हजार छह सौ चौंतीस करोड़ रुपये की चार रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें छत्तीसगढ़ में गोंदिया—डोंगरगढ़ में चौथी, भुसावल—वर्धा में तीसरी और चौथी, वडोदरा—रतलाम में तीसरी और चौथी तथा इटारसी—भोपाल—बीना में चौथी रेललाइन शामिल हैं। इन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क लगभग आठ सौ चौरानवे किलोमीटर बढ़ जाएगा।

सूचना और प्रसारण मंत्री अष्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक हजार छह सौ उन्नीस किलोमीटर लंबाई वाली इन परियोजनाओं से लगभग तीन हजार छह सौ तैंतीस गांवों को लाभ होगा।

श्री वैष्णव ने बताया कि चौरासी किलोमीटर लंबी गोंदिया–डोंगरगढ़ चौथी लाइन दो हजार दो सौ तेईस करोड़ रुपये की लागत से पांच वर्षों में पूरी होंगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गोंदिया–डोंगरगढ़ चौथी रेललाइन परियोजना को स्वीकृति दिए जाने पर केन्द्र सरकार का आभार जताया है। उन्होंने इसे प्रदेश के लिए ऐतिहासिक निर्णय बताया। श्री साय ने कहा कि इस परियोजना से न केवल यात्री और मालगाड़ियों की क्षमता बढ़ेगी, बल्कि कोयला, ऊर्जा और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए परिवहन और भी सुगम होगा।

**बॉडगेज रेललाइन**

इस बीच, कोरबा जिले में उरगा से कुसमुंडा तक बनाई गई लगभग तेरह किलोमीटर लंबी नई विद्युतीकृत ब्रॉडगेज रेललाइन का रेल अधिकारियों ने परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान रेललाइन पर पहली बार तीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से मालगाड़ी चलाई गई। इस रेललाइन पर जल्द ही कोयले का परिवहन शुरू किया जाएगा। दक्षिण–पूर्व–मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में उरगा से कुसमुंडा तक नई विद्युतीकृत ब्रॉडगेज रेललाइन छत्तीसगढ़ ईस्ट–वेस्ट रेल कॉरिडोर का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## **राज्यपाल–स्पेस एजुकेशन लैब**

राज्यपाल रमेन डेका ने आज कोरिया जिले के बैकुंठपुर स्थित शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरगुजा संभाग के पहले स्पेस एजुकेशन लैब का लोकार्पण किया। यह अत्याधुनिक लैब भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के नाम पर समर्पित की गई है। जिला खनिज न्यास निधि–डीएमएफ के सहयोग से स्थापित यह प्रयोगशाला विद्यार्थियों में अंतरिक्ष, भौतिकी, भूगोल और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह लैब न केवल अंतरिक्ष विज्ञान बल्कि अन्य विज्ञान विषयों में भी विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी।

अपने कोरिया प्रवास के दौरान राज्यपाल ने कृषि विज्ञान केंद्र और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से तैयार किया गया 'पीनट बटर–हनी फ्लेवर्ड' उत्पाद का भी शुभारंभ किया।

## **हाईकोर्ट–जनहित याचिका**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायाधीश बी.डी. गुरु की खंडपीठ में बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार से संबंधित दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान रक्षा मंत्रालय की ओर से उपस्थित अप सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने जमीन की कीमत इकहत्तर करोड़ रुपए के बदले चालीस करोड रुपए करने की मांग स्वीकार कर ली है। अब राज्य सरकार द्वारा चालीस करोड रुपए जमा करने पर दो सौ नब्बे एकड़ जमीन एयरपोर्ट विस्तार के लिए मिल जाएगी। उच्च न्यायालय ने नाइट लैंडिंग लाइसेंस और जमीन हस्तांतरण सहित अन्य विषयों पर राज्य के मुख्य सचिव और अलायंस एयर को नया शपथ पत्र दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई अब सात नवंबर को होगी।

**राज्य ओपन स्कूल–परिणाम**

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। हाईस्कूल परीक्षा में तीस दशमलव शून्य–दो प्रतिशत और हायर सेकेंडरी परीक्षा में छियालीस दशमलव दो–आठ प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यार्थी अपने परीक्षा परिणाम छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

**आईएनएस आन्द्रोत–भारतीय नौसेना**

आईएनएस आन्द्रोत को भारतीय नौसेना में शामिल कर लिया गया है। इसके निर्माण के लिए विशेष ग्रेड स्टील की आपूर्ति स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड–सेल के भिलाई, बोकारो और राउरकेला इस्पात संयंत्रों से की गई है। इसे सेल की बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। आईएनएस आन्द्रोत, पनडुब्बी रोधी युद्धक जलपोत श्रृंखला का दूसरा युद्धपोत है।

**आईआईटी भिलाई–उपलब्धि**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी भिलाई के शोधकर्ताओं ने ऐसे ''स्मार्ट फोर डी प्रिंटेड पॉलिमर'' विकसित किए हैं, जो तापमान के अनुसार अपना आकार बदल सकते हैं। ये पॉलिमर आवश्यकतानुसार स्वयं मुड़ने, फैलने या सिकुड़ने में सक्षम हैं, जिससे न्यूनतम आक्रामक सर्जरी, लक्षित दवा वितरण और प्रत्यारोपण योग्य चिकित्सीय उपकरणों के निर्माण में नई संभावनाएं खुलेंगी। शोधकर्ताओं में संस्थान के वैज्ञानिक – भानेन्द्र साहू, निशिकांत सिंह, सुदीप्त पॉल और डॉक्टर संजीब बनर्जी शामिल हैं।

## बस्तर राइजिंग

बस्तर संभाग के सभी सात जिलों में कल आठ अक्टूबर से 'बस्तर राइजिंग' अभियान शुरू होगा। दो सप्ताह तक चलने वाला यह अभियान जनसंपर्क विभाग के सहयोग से चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य बस्तर की सांस्कृतिक, पर्यावरणीय और उद्यमशील क्षमताओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करना है। अभियान के दौरान विशेषज्ञों, युवाओं, शिल्पकारों और स्थानीय समुदायों के बीच संवाद, कार्यशालाएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किए जाएंगे।

**"बस्तर राइजिंग"** का कारवां केशकाल, नारायणपुर, कोंडागांव, सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, चित्रकोट, बारसूर और जगदलपुर का भ्रमण करेगा। इस दौरान बस्तर की कला, हस्तशिल्प, कृषि, पर्यटन, खेल और शिक्षा से जुड़ी संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस अभियान का समापन रायपुर में **"हार्मोनी फेस्ट"** के रूप में होगा, जिसमें बस्तर की प्रेरक कहानियां, नवाचार और सांस्कृतिक विरासत प्रदर्शित की जाएंगी।

## स्पेशल एजुकेटर–भर्ती आवेदन

प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्पेशल एजुकेटर के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए आज से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभ्यर्थी अपने आवेदन राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में जमा कर सकते हैं। आवेदन केवल पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तेरह अक्टूबर निर्धारित की गई है।

**बस्तर दशहरा–समापन**

मावली माता की डोली और मां दंतेश्वरी के छत्र की विदाई के साथ ही पचहत्तर दिनों तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे का आज समापन हो गया। अंतिम दिन मांईजी की डोली विदाई से पहले मां दंतेश्वरी मंदिर में`विधि–विधान से पूजा–अर्चना करने के बाद मांईजी की डोली को सिंह ड्योढी पर सुसज्जित मंच पर लाया गया। यहां पुलिस द्वारा हर्ष फायर कर माईजी को सलामी दी गई।

**बीमार बाघिन–वनतारा–जामनगर**

रायपुर के जंगल सफारी की बीमार बाघिन बिजली को आज बेहतर इलाज के लिए वनतारा–जामनगर भेजा गया है। इस बाघिन को आज हावड़ा–अहमदाबाद ट्रेन की पार्सल वैन से वनतारा–जामनगर के वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू एंड केयर सेंटर रवाना किया गया है।

**समाचार संक्षेप में ...**

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में दस अक्टूबर को मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।

– भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने रायपुर जिले में बत्तीस पदाधिकारियों की घोषणा की है। जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर द्वारा जारी सूची में छह उपाध्यक्ष, दो महामंत्री और छह जिला मंत्री बनाए गए हैं।

– जर्मनी में आयोजित विश्व की सबसे बड़ी खाद्य प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन शामिल हुए। बैठक में श्री देवांगन ने छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक विकास नीति और औद्योगिक परिदृश्य की जानकारी दी।

– भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन–एनएसयूआई की छत्तीसगढ़ इकाई ने राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी के नेतृत्व में प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था और नशाखोरी के मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा के रायपुर स्थित निवास का घेराव करने की कोशिश की।

– निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी को बीते तीन वित्तीय वर्षों का वार्षिक लेखा–जोखा निर्धारित समय–सीमा में प्रस्तुत नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस मामले की सुनवाई नौ अक्टूबर को रायपुर स्थित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में होगी।

**<u>संक्षिप्त समाचार–02</u>**

– चार अक्टूबर को रायपुर में आयोजित रेडियो श्रोता सम्मेलन की रेडियो रिपोर्ट का प्रसारण आकाशवाणी के रायपुर केन्द्र से आज रात आठ बजे किया जाएगा।

– नारायणपुर जिले के ओरछा थाना क्षेत्र के ईदवाया गांव में सुरक्षा बलों ने नया कैम्प स्थापित किया है।

और

– दुर्घटना की आशंका को देखते हुए मुंगेली जिला कलेक्टर के निर्देश पर सड़कों पर कैच व्हील लगाकर ट्रैक्टर चलाना प्रतिबंधित कर दिया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>